**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2642**
**(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर के लिए)**
**सरकारी विभागों में कार्मिक बल**

**2642. श्री गणेश सिंह :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कितने कार्मिक तैनात हैं; और

(ख) उनमें अन्य पिछड़ी जातियों से संबंधित कार्मिकों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)**

**(क) और (ख):** अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) को अखिल भारतीय स्तर पर खुली प्रतियोगिता द्वारा सिविल पदों एवं सिविल सेवाओं में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के मामले में 27% का आरक्षण प्रदान किया जाता है। मंत्रालयों/विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 01.01.2024 तक मंत्रालयों/विभागों में ओबीसी कर्मचारियों की संख्या लगभग 8.55 लाख है तथा सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, संचालित केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) में ओबीसी कर्मचारियों की संख्या लगभग 2 लाख है।

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, जिनमें उनके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय भी शामिल हैं, द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में सीधी भर्ती के माध्यम से कुल नियुक्ति के सापेक्ष ओबीसी का प्रतिनिधित्व 27% से अधिक रहा है। वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 के दौरान की गई सीधी भर्ती में ओबीसी का प्रतिशत प्रतिनिधित्व, क्रमशः 28.83%, 28.75%, 28.26% और 30.36% था।

******